**भारत सरकार**
**खान मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 5412**
**दिनांक 05.04.2023 को उत्तर देने के लिए**

**सोने की खानें/भंडार**

**5412. श्री सी.एन. अन्नादुरई:**
**श्रीमती मंजुलता मंडल:**

क्या **खान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :
(क) आज की तिथि के अनुसार देश में सोने की खानों/भंडारों का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या भारतीय भू-वैज्ञानिक सर्वेक्षण और राज्य खान और भूविज्ञान निदेशालय द्वारा किए गए सर्वेक्षण में देश के कुछ जिलों में सोने के विशाल भंडार पाए गए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त क्षेत्रों में सोने के भंडार की अनुमानित मात्रा कितनी है;
(ग) क्या जीएसआई के ऐसे निष्कर्षों का विश्लेषण करने के बाद अन्वेषण हेतु परामर्श प्रक्रिया शुरू की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी वर्तमान स्थिति सहित ब्यौरा क्या है;
(घ) इन क्षेत्रों में सोने के निष्कर्षण का कार्य कब तक शुरू किए जाने की संभावना है; और
(ङ) इन स्वर्ण खानों से सरकार द्वारा कुल कितना राजस्व सृजित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**खान, कोयला एवं संसदीय कार्य मंत्री**
**(श्री प्रल्हाद जोशी)**

(क): दिनांक 01.04.2020 की स्थिति के अनुसार देश में सोने के भंडारों/संसाधनों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है।
(ख) और (ग): भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने वर्ष 2015-16 से 2020-21 तक कार्य सत्र कार्यक्रमों के दौरान सोने के लिए जी3 (प्रारंभिक चरण) और जी2 (सामान्य चरण) गवेषण किया और महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक, राजस्थान राज्यों में संसाधन सिद्ध किए हैं। ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है।
जीएसआई ने नीलामी के लिए मध्य प्रदेश (2), झारखंड (1) और कर्नाटक (2) की राज्य सरकारों को सोने के संबंध में 5 संसाधन-युक्त भूवैज्ञानिक रिपोर्टें सौंपीं। नीलामी के बाद, संकेतित संसाधनों को सफल बोलीदाताओं द्वारा खनन योग्य भण्डार में अद्यतन किया जा सकता है।
(घ) और (ङ): सोने के निष्कर्षण की संभावित तिथि और अर्जित किए जाने वाले संभावित राजस्व की राशि ब्लॉकों की सफल नीलामी पर निर्भर करेंगी।

***

**अनुबंध-I**

**दिनांक 01.04.2020 की स्थिति के अनुसार सोने के राज्य-वार भंडार/संसाधन**

**(टन में)**

| राज्य | ग्रेड | भण्डार | शेष संसाधन | कुल संसाधन |
|---|---|---|---|---|
| आंध्र प्रदेश | अयस्क (प्राथमिक) | 3258100 | 12472898 | 15730998 |
| | धातु (प्राथमिक) | 5.30 | 41.87 | 47.17 |
| बिहार | अयस्क (प्राथमिक) | 0 | 222884860 | 222884860 |
| | धातु (प्राथमिक) | 0 | 37.60 | 37.60 |
| छत्तीसगढ़ | अयस्क (प्राथमिक) | 0 | 4841033 | 4841033 |
| | धातु (प्राथमिक) | 0 | 5.51 | 5.51 |
| झारखंड | अयस्क (प्राथमिक) | 0 | 10076526.70 | 10076526.70 |
| | धातु (प्राथमिक) | 0 | 15.43 | 15.43 |
| कर्नाटक | अयस्क (प्राथमिक) | 20470000 | 82538505.51 | 103008505.51 |
| | धातु (प्राथमिक) | 87.46 | 163.71 | 251.17 |
| केरल | अयस्क (प्राथमिक) | 0 | 558460 | 558460 |
| | धातु (प्राथमिक) | 0 | 0.20 | 0.20 |
| | अयस्क (प्लेसर) | 0 | 26121000 | 26121000 |
| | धातु (प्लेसर) | 0 | 5.86 | 5.86 |
| मध्य प्रदेश | अयस्क (प्राथमिक) | 0 | 7692934 | 7692934 |
| | धातु (प्राथमिक) | 0 | 8.25 | 8.25 |
| महाराष्ट्र | अयस्क (प्राथमिक) | 0 | 1627000 | 1627000 |
| | धातु (प्राथमिक) | 0 | 3.64 | 3.64 |
| राजस्थान | अयस्क (प्राथमिक) | 0 | 125913720 | 125913720 |
| | धातु (प्राथमिक) | 0 | 234.56 | 234.56 |
| तमिलनाडु | अयस्क (प्राथमिक) | 0 | 67000 | 67000 |
| | धातु (प्राथमिक) | 0 | 1 | 1 |
| उत्तर प्रदेश | अयस्क (प्राथमिक) | 0 | 13000000 | 13000000 |
| | धातु (प्राथमिक) | 0 | 2.08 | 2.08 |
| पश्चिम बंगाल | अयस्क (प्राथमिक) | 0 | 12833333 | 12833333 |
| | धातु (प्राथमिक) | 0 | 0.65 | 0.65 |
| अखिल भारत : कुल | अयस्क (प्राथमिक) | 23728100 | 494506270.2 | 518234370.2 |
| | धातु (प्राथमिक) | 92.76 | 514.5 | 607.26 |
| | अयस्क (प्लेसर) | 0 | 26121000 | 26121000 |
| | धातु (प्लेसर) | 0 | 5.86 | 5.86 |

पूर्ण आंकड़े

**अनुबंध-II**

## जीएसआई द्वारा संवर्धित सोने के संसाधन का ब्यौरा

| क्र. सं. | कार्य सत्र | राज्य | ब्लॉक | जिला | यूएनएफसी चरण | संसाधन मिलियन टन में | ग्रेड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2017-18 | महाराष्ट्र | घनपुर-मुधोली-पश्चिम | गढ़चिरौली एवं चंद्रपुर | जी3 | 0.11 | 0.82 जी/टी |
| 2 | 2016-17 | मध्य प्रदेश | चकरिया | सीधी | जी 2 | 0.13 | 1.32 जी/टी |
| 3 | 2016-17 | मध्य प्रदेश | इमलिया | कटनी | जी 2 | 0.35 | 1.13 जी/टी |
| 4 | 2018-19 | झारखंड | भीतरदारी | पूर्वी सिंहभूम | जी 3 | 340354.7 टन | 0.71 जी/टी |
| 5 | 2015-16 | कर्नाटक | अज्ज्नाहल्ली-ब्लॉक-जी | तुमकुर | जी 3 | 0.29 | 1.41 जी/टी |
| 6 | 2015-16 | कर्नाटक | बंगरगट्टी मध्य | धारवाड़ | जी 3 | 0.19 | 0.5 जी/टी |
| 7 | 2015-16 | कर्नाटक | बंगरगट्टी उत्तर | धारवाड़ | जी 3 | 0.17 | 0.5 जी/टी |
| 8 | 2015-16 | कर्नाटक | मारुतिपुरा के उत्तर में | हवेरी | जी 3 | 0.06 | 0.64 जी/टी |
| 9 | 2015-16 | कर्नाटक | अज्ज्नाहल्ली – ब्लॉक-सी | तुमकुर | जी 2 | 0.70 | 2.47 जी/टी |
| 10 | 2017-18 | कर्नाटक | अज्ज्नाहल्ली ब्लॉक-ई | तुमकुर | जी 2 | 1.21 | 0.87 जी/टी |
| 11 | 2019-20 | कर्नाटक | होनामर्दी | दावणगेरे | जी 3 | 0.26 | 1.08 जी/टी |
| 12 | 2019-20 | कर्नाटक | लक्कवनहल्ली | चित्रदुर्ग | जी 3 | 0.043 | 1.19 जी/टी |
| 13 | 2019-20 | कर्नाटक | मचानूर मध्य | रायचुर | जी 2 | 0.35 | 0.4 जी/टी |
| 14 | 2015-16 | राजस्थान | जगपुरा | बांसवाड़ा | जी 2 | 0.97 | 1.07 जी/टी |
| 15 | 2015-16 | राजस्थान | खेड़ा मेन | अलवर | जी 2 | 3.61 | 0.77 जी/टी |
| 16 | 2017-18 | राजस्थान | खेड़ा द.पू., मुंडियावास- खेड़ा | अलवर | जी 2 | 0.16 | 0.66 जी/टी |
| 17 | 2017-18 2018-19 | राजस्थान | मुंडियावास | अलवर | जी 2 | 0.42 | 1.15 जी/टी |
| 18 | 2020-21 | राजस्थान | जगपुरा उत्तर | बांसवाड़ा | जी 3 | 1.50 | 1.93 पीपीएम |

***